1 हम बच्चे हैं सबसे अच्छे

अभ्यास

बोलिए

1. **पढ़िए**— दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
2. **बताइए**

    क. बच्चे क्या चुनकर हटाते हैं?

    उ. बच्चे पथ पर बिखरे शूलों को चुनकर हटाते हैं।

    ख. बच्चे किससे नहीं घबराते हैं?

    उ. बच्चे बाधाओं से नहीं घबराते हैं।

ग. बच्चे दुनिया में क्या बाँटते हैं?

उ. बच्चे दुनिया में खुशियाँ बाँटते हैं।

3. सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न

✧ आपके किन-किन कार्यों से सब खुश रहेंगे? चुनकर बताइए—

उ. ✓ सभी काम समय से करने पर ✓ अच्छे से पढ़ाई करने पर

लिखिए

1. सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—

क. कौन सबसे अच्छे हैं? ✓ बच्चे

ख. बच्चे मुश्किल राह देखकर क्या करेंगे? ✓ आगे बढ़ेंगे

2. सही शब्द चुनकर पंक्तियाँ पूरी कीजिए—

दूर, पथ,
राह, दुनिया

क. ···पथ··· पर बिखरे शूलों को,
चुन-चुनकर ···दूर··· हटाते हैं।

ख. खुशी बाँटते ···दुनिया··· में,
जीवन की नई ···राह··· दिखाते हैं।

3. कुछ शब्दों में उत्तर लिखिए—

क. बच्चे स्वयं को सबसे अच्छे क्यों कह रहे हैं?

उ. बच्चे स्वयं को सबसे अच्छे इसलिए कह रहे हैं क्योंकि वे हमेशा खुश रहते हैं, सभी को खुश रखते हैं, कठिनाइयों का सामना साहस से करते हैं और दुनिया को नई चीज़ों से अवगत कराते हुए खुशी और प्यार से जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हैं।

ख. 'पथ पर बिखरे शूल' का अर्थ है— जीवन की राह में आने वाली बाधाएँ या कठिनाइयाँ।

ग. बच्चे दुनिया में किस प्रकार खुशियाँ बाँटेंगे?

उ. खुश रहते हुए और सभी को खुश रखते हुए तथा कठिनाइयों का सामना साहस से करने के लिए प्रेरित करते हुए बच्चे दुनिया में खुशियाँ बाँटेंगे।

समझिए व्याकरण संबोध

1. इन शब्दों में चंद्रबिंदु लगाकर लिखिए—

बासुरी — ···बाँसुरी··· | हसी — ···हँसी···
मुह — ···मुँह··· | काच — ···काँच···

2. कविता में से मिलती-जुलती ध्वनि वाले शब्द लिखिए—

सच्चे — ···बच्चे··· | रथ — ···पथ··· | कई — ···नई···
फूलों — ···शूलों··· | चाह — ···राह··· | मुनिया — ··· ··· दुनिया···